चक्रपाणि आवासीय विद्यालय राजगीर (नालन्दा)

[सी. बी. एस. ई - पाठ्यक्रम - अंग्रेजी माध्यम]

[बिहार पुलिस अकादमी, छबिलापुर रोड]

[हिन्दी - क्लब]

हम देखते हैं कि वृहद वृक्षों की जड़ें धरती के भीतर उतनी ही दूर - दूर तक जाती हैं, जितनी उनकी शाखायें वायुमंडल में फैलती हैं - इसी तरह उन वृक्षों का वृहदाकार संतुलित रहता है। विद्यार्थियों के लिए समस्त पाठ्येत्तर क्रिया - कलाप इसी प्रकार का वायुमंडल प्रदान करता है। ऐसे भी, बहुमुखी एवं चहुँमुखी व्यक्तिव का विकास आज की शिक्षा का अनिवार्य उद्देश्य है, और यह चुनौती पूर्ण उद्देश्य - पाठ्येत्तर क्रिया - कलाप से ही प्राप्त होगा। हिन्दी क्लब इसी चुनौती पूर्ण उद्देश्य को सहज संभाव्य बनायेगा।

हिन्दी - क्लब द्वारा छात्र - छात्राओं में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक चेतना का विकास करना, बातचीत एवं व्यहार में आत्म विश्वास उत्पन्न करना तथा सामाजिक शिष्टाचार विकसित करना एक महत्त्वपूर्ण कार्य होगा। इसके अन्तर्गत अनेक तरह की गतिविधियां संचालित होंगी, यथा -

(1) विभिन्न विषयों पर बातचीत

(2) वाद - विवाद,

(3) साहित्यिक - गोष्ठियाँ आयोजित करना

(4) पत्र - पत्रिकाएँ (हस्त - लिखित एवं मुद्रित)

(5) कविता - पाठ एवं

(6) अंत्याक्षरी - प्रतियोगिता आदि आयोजित करके छात्रों की भीतरी प्रेरणा और अभिव्यंजना को विकसित करना हिन्दी - क्लब का महत्त्वपूर्ण दायित्व होगा।

चक्रपाणि विद्यालय में संचालित हिन्दी - क्लब के सम्मानित सदस्य हैं :

(1) श्री विवेक शर्मा (2) श्रीमति काजल कुमारी

(3) श्री अतुल गुप्ता (4) श्रीमति पूनम शर्मा

क्लब के प्रभारी डॉ. मिथिलेश सिंह हिन्दी अध्यापक चक्रपाणि आवासीय विद्यालय हैं।